हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 05 फ़रवरी 2025 समय 1810

- केंद्रीय मंत्री  मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में नगर निगम चुनाव पूरी तैयारी से लड़े जाएंगे।
- हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल □ांडा ने कहा है कि बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा देने पर बल दिया जाएगा।
- शिक्षा मंत्री ने भिवानी जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में गैर हाज़िर रहने पर चकबंदी के ACO वीरभान को निलंबित करने के आदेश दिए।
- हरियाणा के विभिन्न जिलों से आज प्रयागराज महाकुंभ के लिए विशेष बस सेवा शुरू की गई। भिवानी बस अड्डे से यह बस सेवा कल शुरू होगी।
- हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा आज पंचकूला में अध्यापकों,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और नई भर्ती हुई महिला सिपाहियों को कार्यस्थलों पर महिलाओं से छेड़छाड और बच्चों के यौन उत्पीड़न संबंधी कानून बारे जागरूक किया गया।

*********************************************************************

केंद्रीय ऊर्जा,आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा में नगर निगम चुनाव पूरी तैयारी से लड़े जाएंगे।केंद्रीय मंत्री आज पानीपत में ई-दिशा की बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे।दिल्ली विधानसभा चुनाव पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दावा किया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।हरियाणा में निकाय चुनाव में नए चेहरों को मौका दिए जाने को लेकर उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि युवाओं  को  रोजगार पर उन्होंने कहा–

युवा पढ़ाई करें और उनकी योग्यता के अनुसार जो भी नौकरी होगी वह उन्हें मिल जाएगी।श्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री की कार्य प्रणाली पर कहा कि प्रधानमंत्री हर विषय पर बहुत बड़ा सोचते हैं। जो भी सोचते हैं वो उसे पूरा कर के दिखाते हैं। प्रधानमंत्री देश की आजादी के 100 वर्ष बाद 2047 में भारत विकसित देशों की श्रेणियों में लाने के लिए काम कर रहे हैं।

*******************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ांडा ने कहा कि बच्चों को रोजगारपरक परक शिक्षा देने पर बल दिया जाएगा।आज भिवानी में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा -

निजी कॉलेज के सरकारी कॉलेज में समाहित किए जाने बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि दो से तीन माह के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग संबंधी 60 प्रतिशत के लगभग समस्याओं का निपटान कर दिया है।दिसंबर या जनवरी माह में होने वाले अध्यापक पात्रता परीक्षा में देरी के सवाल पर कहा कि एचटेट की देरी का कारण तकनीकी है, जिसे दूर किया जा रहा है तथा जल्द ही एचटेट की परीक्षा का आयोजन होगा।जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक मे उन्होंने 16 परिवाद सुने, जिनमें 11 का मौके पर निपटान किया। उन्होंने चकबंदी के ए सी ओ वीरभान को बैठक में उपस्थित न होने के कारण निलंबित कर दिया।

*******************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*******************************************************************

हरियाणा के विभिन्न जिलों से आज प्रयागराज महाकुंभ के लिए विशेष बस सेवा शुरू की गई। हरियाणा रोडवेज द्वारा जींद से प्रयागराज के लिए बस सेवा शुरू करने के मौके पर रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया -

बस में जा रही एक श्रद्धालु ने बस चलाने के लिए सरकार का धन्यवाद किया।

सिरसा से बस फतेहाबाद, हिसार, महम, बेरी, गुरुग्राम होते हुए प्रयागराज जाएगी और एक तरफ का किराया 1234 रुपए होगा। इसी तरह रोहतक से प्रयागराज के लिए बस सांपला, बहादुरगढ़, नजफ़गढ़, गुरु ग्राम, पलवल, कोसी मथुरा कंपाऊर होते हुए जाएगी और किराया 1100 रुपए होगा। इसी तरह फतेहाबाद से चलने वाली बस का एक तरफ किराया 1200 रुपए तय किया

गया है।वहीं कैथल से चलने वाली बस 50 से अधिक गांवों और शहरों से होती हुई प्रयागराज पहुंचेगी। इसका किराया 1190 रुपए होगा।

**************************************************************************

भिवानी बस अड्डे से प्रयागराज में महाकुंभ के लिए पहली बस कल दोपहर डेढ़ बजे रवाना होगी। भिवानी रोड़वेज के महा प्रबंधक दीपक कुंडू ने बताया–

श्री कुंडू ने बताया कि लंबी दूरी को देखते हुए बस में दो चालक रहेंगे।

**************************************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा आज पंचकूला में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) संबंधी अधिनियम और पोक्सो अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर कार्यशाला में मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल हुई।कार्यशाला में प्रदेशभर के सरकारी व निजी स्कूलों से आई अध्यापिकाओं , महाविध्यालयों और विश्व विद्यालयाओं सी आयो महिला प्रोफेसर, स्कूल प्रवक्ताओं , आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस में नई भर्ती हुई महिला सिपाहियों को इन कानूनों के बारे जागरूक किया गया।हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि सभी शिक्षाएं अपने अपने शिक्षण संस्थान में छात्रों ओ इन कानूनों के बारे जागरूक करेंगी।उन्होंने बताया कि किस तरह विदेशों से आकार लोग शादी के नाम पर बेटियों की ज़िंदगी खराब कर रहे हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने अपने संबोधन में कहा कि आज हरियाणा के विभिन्न विभागों से जुड़ी महिलाओं को बांधने का कार्य हरियाणा महिला आयोग ने किया है। जब विभिन्न क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए एक मंच पर एकत्रित होती हैं तो वे निश्चय ही नतीजे बहुत अच्छे आते हैं।

**************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 27 फरवरी को आयोजित करवाई जाने वाली डीएलएड की परीक्षा अब 22 मार्च को तथा 28 फरवरी को आयोजित करवाई जाने वाली परीक्षा अब 24 मार्च को ली जाएगी।बदलाव राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024 के मद्देनज़र लिया गया है। इस संदर्भ में सार्वजनिक सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। शेष परीक्षाओं की तिथियां यथावत् रहेंगी।